नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# हैदराबाद : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने T-Hub कैपंस का किया भ्रमण, नवाचार और उद्यमिता पर की विचार-विमर्श

राजेश चौधरी

Published on 27 Sep 2025



हैदराबाद: राजस्थान के मुख्यमंत्री **भजनलाल शर्मा** ने हैदराबाद स्थित **T-Hub कैपंस** का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ उपलब्ध **नवीनतम तकनीकी अवसंरचना और नवाचार से जुड़ी गतिविधियों** का बारीकी से अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने T-Hub के सदस्यों के साथ बैठक कर **राजस्थान मे नंवाचार और उद्यमिता को गति देने की संभावनाओं** पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने तकनीकी नवाचार, स्टार्टअप इकोसिस्टम और उद्योग-सरकार सहयोग के तरीकों पर गहन चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नवीनतम तकनीकी समाधानों और स्टार्टअप मॉडल्स का अध्ययन करना आवश्यक है। यह कदम राज्य में युवा उद्यमियों और नवाचारकों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.